कार्यालय
निदेशक, आयुर्वेदिक एवं यूनानीसेवायें,
उत्तराखण्ड, देहरादून।

पत्रांक– 3791 /जी– 462/2025–26 दिनांक–02 अगस्त 2025

## संशोधित विज्ञप्ति

शासन के पत्र संख्या–1403/XL-1/2025-89/2024 दिनांक–25 जून 2025 के क्रम में आयुर्वेदिक एवं यूनानी सेवा विभाग उत्तराखण्ड़ के अधीन राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालयों में आयुर्वेदिक योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा सहायक के रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु निदेशक आयुर्वेदिक एवं यूनानी सेवायें उत्तराखण्ड, देहरादून के पत्र संख्या–12809/जी–394/ 2023–24 दिनांक–15 मार्च 2024 के द्वारा जारी विज्ञप्ति को निरस्त करते हुए उत्तराखण्ड शासन, आयुष एवं आयुष शिक्षा अनुभाग के अधिसूचना संख्या–3444/XL-1/2021-85/2021 दिनांक–30 दिसम्बर 2021 द्वारा प्रख्यापित **"उत्तराखण्ड़ योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा सहायक सेवा नियमावली 2021"** में निहित प्राविधानों के अनुसार आयुर्वेदिक योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा सहायक के (वेतन मैट्रिक्स रू0 5200–20200 लेबल–4 ) रिक्त 16 पदों पर नियमानुसार नियुक्ति हेतु पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन प्रपत्र निम्न निर्धारित प्रारूप पर आंमत्रित किये जाते हैं। जिन अभ्यर्थियों द्वारा पूर्व विज्ञप्ति के क्रम में आवेदन किया गया है उन्हें पुनः आवेदन करने की आवश्यकता नहीं होगी, आयु सीमा की शर्तें पूर्व विज्ञप्ति के अनुसार यथावत् रहेगीं।

**रिक्त पदों का विवरण एवं क्षैतिज आरक्षण की स्थिति (संशोधित विवरण) :–**

| विज्ञापित पदों का विवरण | पदों की संख्या | क्षैतिज आरक्षण | | | | | | | कुल क्षैतिज आरक्षण | ओपन कैटेगिरी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | महिला (30%) | दिव्यांगजन श्रेणी (4%) | भूतपूर्व सैनिक (5%) | स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी के आश्रित (2%) | उत्तराखण्ड़ के अनाथ बच्चे (5%) | उत्तराखण्ड राज्य आंदोलनकारी (10%) | उत्तराखण्ड राज्य के कुशल खिलाड़ी (4%) | | |
| अनु0जाति– | 03 | 01 | – | – | – | – | – | – | 01 | 02 |
| अनु0जनजाति– | 01 | – | – | – | – | – | – | – | – | 01 |
| अन्य पिछड़ा वर्ग– | 03 | 01 | – | – | – | – | – | – | 01 | 02 |
| सामान्य– | 08 | 02 | – | – | – | – | – | – | 02 | 06 |
| सामान्य–EWS | 01 | – | – | – | – | – | – | – | – | 01 |
| योग– | **16** | **04** | – | – | – | – | – | – | **04** | **12** |

विज्ञापित पदों की संख्या घट–बढ सकती है।

(2) **आरक्षण** :– उत्तराखण्ड शासन द्वारा समय–समय पर निर्गत शासनादेशों के अनुसार आरक्षण अनुमन्य किया जायेगा।

(3)**अर्हतायें** :– "उत्तराखण्ड़ योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा सहायक सेवा नियमावली 2021" के भाग–4 के अनुसर समस्त अर्हतायें पूर्ण होनी चाहिए।

**(अनिवार्य अर्हतायें)**

(क) उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा एवं परीक्षा परिषद/उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा परिषद से इण्टरमीडिएट परीक्षा उत्तीर्ण हो या सरकार द्वारा उसके समकक्ष मान्यता प्राप्त कोई परीक्षा उतीर्ण की हो।

(ख) भारतीय चिकित्सा परिषद् उत्तराखण्ड द्वारा मान्यता प्राप्त **"आयुर्वेदिक योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा सहायक"** का एक वर्ष का डिप्लोमा प्राप्त किया गया हो एवं भारतीय चिकित्सा परिषद्, उत्तराखण्ड में पंजीकृत हो।

02/08/25

अधिमानी अर्हतायें–

(A) (i) प्रादेशिक सेना में दो वर्ष की न्यूनतम अवधि तक सेवा की हो या

(ii) नेशनल कैडिट कोर का "बी" अथवा "सी" प्रमाण पत्र प्राप्त किया हो।

(B) अनिवार्य/वांछनीय अर्हता उत्तराखण्ड़ लोक सेवा आयोग की परिधि के अन्तर्गत तथा लोक सेवा आयोग की परिधि के वाहर समूह "ग" के पदों की भर्ती के लिए अनिवार्य/वांछनीय अर्हता नियमावली 2010 समय समय पर यथासंशोधित के अनुसार होगी।

(4) अभ्यार्थी का उत्तराखण्ड राज्य के किसी सेवायोजन कार्यालय में पंजीकरण होना आवश्यक है।

(5) **आयु** :– पूर्व विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तिथि को अभ्यर्थी की आयु 18 वर्ष से कम तथा 42 वर्ष से अधिक नही होनी चाहिए। उत्तराखण्ड़ राज्य की अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, अन्य पिछड़ा वर्ग, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग तथा अन्य ऐसी श्रेणियों के अभ्यर्थियों के मामले में, जिन्हें सरकार द्वारा समय–समय पर अधिसूचित किया जाये, को शासकीय नियमों के अनुसार अधिकतम आयु सीमा में छूट अनुमन्य होगी।

(6) **शुल्क** :– आवेदन पत्र के साथ सामान्य एवं पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों को रू0 150/– का बैंक चालान लेखाशीर्षक 0210– चिकित्सा तथा लोक स्वास्थ्य, 01 शहरी स्वास्थ्य सेवायें, 800– अन्य प्राप्तियाँ, 10–अन्य प्रकीर्ण प्राप्तियाँ आयुर्वेदिक के शीर्षक में जमा होगा, आवेदन पत्र के साथ चालान की मूल प्रति संलग्न करना आवश्यक है। बिना बैंक चालान के आवेदन प्राप्त होने पर आवेदन निरस्त कर दिया जायेगा। अनु0जाति, अनु0जनजाति एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के अभ्यर्थियों को किसी प्रकार के शुल्क की आवश्यकता नहीं होगी।

(7) **चयन प्रक्रिया** :– उत्तराखण्ड़ शासन आयुष एवं आयुष शिक्षा अनुभाग के पत्र संख्या–3444/XL-1/2021-85/2021 दिनांक–30 दिसम्बर 2021 द्वारा प्रख्यापित **"उत्तराखण्ड़ योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा सहायक सेवा नियमावली 2021"** में निहित प्राविधानों के अनुसार चयन, समिति के माध्यम से किया जायेगा।

(8) **आवेदन पत्र जमा करने की तिथि** :– निर्धारित प्रारूप पर पूर्ण रूप से भरा हुआ आवेदन पत्र " **निदेशक आयुर्वेदिक एवं यूनानी सेवायें उत्तराखण्ड़, डाण्ड़ा लखौण्ड सहस्त्रधारा रोड़, निकट आई0टी0 पार्क, देहरादून"** के कार्यालय में **दिनांक–20 अगस्त 2025 तक** प्राप्त किये जायेगें। आवेदन पत्र पंजीकृत डाक से स्वीकार किये जायेगें। निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात् डाक वितरण में विलम्ब या किसी कारण से विलम्ब से प्राप्त होने वाले आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जायेगें।

(9) जो अभ्यर्थी आवेदन करने की तिथि को सरकारी/अर्द्धसरकारी सेवा में हो उन्हें विभागीय अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

(10) **अभ्यर्थियों को आवेदन के साथ निम्न प्रमाण–पत्रों की सत्यापित छायाप्रतियाँ संलग्न करना भी अनिवार्य है–**

1. आरक्षण सम्बन्धी प्रमाण–पत्र (सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्गत)।
2. हाई–स्कूल/इण्टरमीडियट प्रमाण–पत्र एवं अंक तालिका।
3. **"उत्तराखण्ड़ आयुर्वेदिक योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा सहायक प्रशिक्षण का प्रमाण–पत्र एवं अंक तालिका।**
4. भारतीय चिकित्सा परिषद्, उत्तराखण्ड में पंजीकरण प्रमाण पत्र।
5. मूल निवास/स्थाई निवास प्रमाण–पत्र।
6. उत्तराखण्ड राज्य के रोजगार/सेवायोजन कार्यालय में पंजीकरण प्रमाण–पत्र।
7. दो चरित्र प्रमाण–पत्र (राजपत्रित अधिकारियों द्वारा प्रदत्त)।
8. निर्धारित शुल्क का बैंक चालान मूल रुप में।
9. स्वयं पता लिखा 23X10 से0मी0 के दो लिफाफे जिनमें पंजीकृत डाक टिकट लगें हों।
10. अन्य योग्यता सम्बन्धी प्रमाण–पत्र यदि कोई हों तो।

02/08/25

(डा0 विजय कुमार जोगदण्डे )
निदेशक